प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 18.11.2026**

थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 14.11.2026 को वादी द्वारा थाना मंगलपुर पर उपस्थित होकर लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 12.06.2025 को समय करीब 11:00 बजे वादी की लगभग 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से कहीं चली गई थी। बाद में वादी को अपनी पुत्री की इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से जानकारी हुई कि गौतम चौहान द्वारा बीरू के सहयोग से उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था। वादी के अनुसार, दिनांक 13.11.2026 को समय करीब 19:30 बजे अभियुक्त गौतम चौहान उसकी पुत्री को वादी के घर के दरवाजे पर छोड़ गया। इस संबंध में पूछताछ करने पर गौतम चौहान द्वारा वादी को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए वादी एवं उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही आरोप लगाया गया कि अभियुक्त गौतम चौहान ने वादी की नाबालिग पुत्री को डरा-धमकाकर उससे शादी की तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध लगातार शारीरिक शोषण किया और छोड़कर जाने अथवा किसी अन्य को बताने पर जान से मारने की धमकी दी, के संबंध में मु0अ0सं0 417/26 धारा 65(1)/137(2)/87/352/351(3)/61(2) बीएनएस व 3(2)(V)/3(1)(द)/3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट व 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट बनाम 1. गौतम चौहान पुत्र राममिलन चौहान निवासी ग्राम आहान थाना केराकत जनपद जौनपुर, 2. बीरू पुत्र अज्ञात निवासी छिबरामऊ थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त गौतम चौहान पुत्र राममिलन चौहान, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम आहान, थाना केराकत, जनपद जौनपुर को दिनांक 18.11.2026 को ग्राम अकारू थाना क्षेत्र मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-

गौतम चौहान पुत्र राममिलन चौहान, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम आहान, थाना केराकत, जनपद जौनपुर।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री कीर्ति प्रकाश कन्नौजिया
2. कां0 855 विश्व प्रताप